**Title:** Need to convert Delhi-Bikaner meter gauge rail line into broad gauge.

**श्री राम सिंह कस्वां (चूरू) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र चूरू(राजस्थान) में बीकानेर-रेवाड़ी व डेगाना से रतनगढ़ मीटर गेज रेल लाईन को ब्रॉडगेज में बदलने की मांग काफी समय से की जा रही है। मेरे संसदीय क्षेत्र श्री डूंगरगढ़, रतनगढ़, सुजानगढ़, लाडनूं, चूरू, सरदारशहर, तारानगर, राजगढ़, छापर, बिदासर, रायलदेसर के हजारों लोग व्यापार की दृष्टि से देश के विभिन्न प्रांतों में रहते हैं और वहां से आना-जाना रहता है, लेकिन मीटर गेज लाईन होने के कारण सभी को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। इस संबंध में इस क्षेत्र के लोग मीटर गेज लाईन को ब्रॉड गेज लाईन में परिवर्तित करने की मांग करते आ रहे हैं। इस क्षेत्र के चारों तरफ ब्रॉड गेज का निर्माण हो चुका है।**

**१५२२ बजे (श्रीमती मार्गरेट आल्वा पीठासीन हुईं)**

**जोधपुर से दिल्ली महत्वपूर्ण रेल इसी क्षेत्र में से होकर गुज़रती थी, लेकिन जोधपुर में डेगाना तक ब्रॉड गेज होने के कारण इस महत्वपूर्ण गाड़ी को बंद कर दिया गया, जिसके कारण डेगाना से रतनगढ़ तक का समस्त क्षेत्र रेल सुविधा से वंचित हो गया है। पूर्व में कांडला से आने वाला तेल भी इस लाइन से वाया हिसार होकर जाया करता था। वह भी बंद हो गया। इससे भी सरकार को करोड़ों रुपयों का नुकसान हो रहा है। इसके अतिरिक्त सुरक्षा की दृष्टि से दिल्ली-बीकानेर लाईन को ब्रॉडगेज में परिवर्तित किया जाना अत्यन्त आवश्यक है -- बीकानेर क्षेत्र पाकिस्तान से जुड़ा हुआ है।**

**अतः मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री महोदय से अनुरोध करना चाहता हूं कि दिल्ली-बीकानेर लाईन को ब्रॉडगेज लाईन में परिवर्तित करने के आदेश पारित करने का कष्ट करें।**

&nb